**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**
**लोक सभा**

**<u>अतारांकित प्रश्न संख्या: 3985</u>**

**<u>बुधवार, 17 जुलाई, 2019 को उत्तर दिए जाने के लिए</u>**

**औद्योगिक हब**

**3985. श्री नायब सिंह सैनीः**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का विचार हरियाणा राज्य के कैथल जिले को एक औद्योगिक हब बनाने का है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्यमंत्री**
**(श्री सोम प्रकाश)**

**(क):** वर्तमान में, उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) में हरियाणा राज्य के कैथल जिले को औद्योगिक हब बनाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

**(ख):** लागू नहीं।

**(ग):** संशोधित औद्योगिक अवसंरचना उन्नयन स्कीम (एमआईआईयूएस) जुलाई, 2013 में अधिसूचित की गई थी जिसका उद्देश्य वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनने की क्षमता वाले चुनिंदा कार्यरत क्लस्टरों/अवस्थानों में गुणवत्तापरक अवसंरचना प्रदान करके घरेलू उद्योग की औद्योगिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाना है और यह स्कीम दिनांक 31.03.2017 के बाद समाप्त हो गई है।

*****